सं. 05/05/2024– रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 25 जुलाई, 2025

## कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निम्नलिखित सहायक निदेशक (रा. भा.) को तत्काल प्रभाव से उनके नाम के सामने दर्शाये गए मंत्रालय/ विभाग / कार्यालय में तैनात किया जाता है:-

| क्र.सं. | नाम/पदनाम | वर्तमान तैनाती | तैनाती का कार्यालय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुनील कुमार,<br>सहायक निदेशक (रा. भा.) | तैनाती अधीन | डाक विभाग |

2. राजभाषा विभाग के दिनांक 15 जुलाई, 2025 के कार्यालय आदेश सं. 05/05/2024 – रा. भा. (सेवा) के तहत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के 33 सहायक निदेशकों/ वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के स्थानांतरण अन्य मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में किया गया था। राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जुलाई, 2025 का कार्यालय आदेश सं. 05/05/2024-रा. भा. (सेवा) द्वारा आसूचना ब्यूरो, मुख्यालय में सहायक निदेशक के पद पर तैनात श्री विष्णु कुमार को दिनांक 31.12.2025 तक आसूचना ब्यूरो, नई दिल्ली में तैनाती जारी रखने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। आसूचना ब्यूरो में सहायक निदेशक का कोई पद रिक्त नहीं है। रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 18 जुलाई, 2025 के कार्यालय आदेश सं. A-20011/2/2017-ESTT.CPC के संदर्भ में श्री सुनील कुमार, सहायक निदेशक (रा. भा.) ने दिनांक 18 जुलाई, 2025 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया।

3. राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री सुनील कुमार, सहायक निदेशक (रा. भा.) को **दिनांक 18 जुलाई, 2025 (पूर्वाह्न) से 25 जुलाई, 2025 (पूर्वाह्न)** तक की अवधि के दौरान **अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting)** में रखा गया। अनिवार्य प्रतीक्षा की अवधि के वेतन का भुगतान डाक विभाग द्वारा किया जाएगा।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

राजेश
25/7/2025

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री सुनील कुमार, सहायक निदेशक (रा. भा.) की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज सहायक महानिदेशक (प्रशासन), डाक विभाग, कमरा नं. 108ए, डाक भवन, नई दिल्ली को सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
2. सहायक महानिदेशक (प्रशासन), डाक विभाग, कमरा नं. 108ए, डाक भवन, नई दिल्ली
3. श्री सुनील कुमार, सहायक निदेशक (रा. भा.), राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
4. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाईल।

-------